# बढ़ती उमस ने लोगों को किया परेशान

## बैरी भये बदरवा, चार दिन से बादल खामोश

नवभारत न्यूज

**सीहोर 13 जुलाई. जिले में मानसून की रफ्तार पिछले चार दिनों से थम गई है. लगातार धूप और बढ़ती उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है, जबकि किसान भी फसलों के लिए अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं. हालांकि जिले में अब तक औसतन करीब 14 इंच वर्षा दर्ज हो चुकी है, जिसमें आष्टा सबसे अधिक और श्यामपुर सबसे कम बारिश वाला क्षेत्र रहा है. मौसम विभाग ने जुलाई के मध्य में एक बार फिर तेज बारिश की संभावना जताई है.**

जिले में मानसून की सक्रियता पर पिछले चार दिनों से ब्रेक लगा हुआ है. एक सप्ताह पहले तक लगातार हो रही झमाझम बारिश के बाद अब आसमान साफ है और तेज धूप के साथ उमस ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है.



### भारी बारिश की संभावना कम

मौसम विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार फिलहाल कोई मजबूत मानसूनी तंत्र सक्रिय नहीं है, इसलिए भारी बारिश की संभावना कम बनी हुई है. हालांकि वातावरण में पर्याप्त नमी मौजूद है, जिसके कारण कहीं-कहीं हल्के बादल और गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी हो सकती है. मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर का कहना है कि अगले तीन से चार दिनों में बंगाल की खाड़ी में एक नया कम दबाव का क्षेत्र विकसित होने की संभावना है. यदि यह सिस्टम सक्रिय होता है तो जुलाई के मध्य से जिले में एक बार फिर मानसून रफ्तार पकड़ सकता है और झमाझम बारिश का नया दौर शुरू होने की उम्मीद है.

### मौसम में बदलाव का असर आम जनजीवन पर भी

मौसम में आए इस बदलाव का असर आम जनजीवन पर भी दिखाई दे रहा है. सुबह से दोपहर तक तेज धूप निकल रही है, जबकि शाम के समय बादल तो छा रहे हैं, लेकिन बारिश नहीं होने से उमस और अधिक बढ़ रही है. शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग गर्मी और चिपचिपाहट से परेशान हैं. वहीं किसान लगातार मौसम के बदलते मिजाज पर नजर बनाए हुए हैं. हालांकि बारिश का सिलसिला थमा रहने के कारण किसानों ने फायदा जमकर उठाया और सोयाबीन की फसल में डोरे चलाकर दवा का छिड़काव किया जा रहा है.

# 33 पेट्रोल पंपों पर जनसुरक्षा को लेकर वैध लाइसेंस नहीं

## ■ प्रशासन ने जारी किया नोटिस ■ बिना विस्फोटक लाइसेंस पेट्रोल-डीजल बिक्री पर बड़ी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**दमोह 13 जुलाई.** जिले में पेट्रोल पंपों पर लगातार किए जा रहे आकस्मिक निरीक्षण में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना वैध विस्फोटक लाइसेंस के पेट्रोलियम पदार्थों का भंडारण और विक्रय करने वाले चार पेट्रोल पंपों को सील कर दिया है। वहीं 33 पेट्रोल पंप संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। साथ ही इंडियन ऑयल कंपनी के जबलपुर स्थित रीजनल अधिकारी से भी जवाब-तलब किया गया है।

### आम नागरिकों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय-कलेक्टर

चारों एसडीएम जिसमें दमोह, पथरिया, तेंदूखेड़ा व हटा के साथ तहसीलदारों ने भी खाद्य आपूर्ति विभाग आदित्य दाहिया के साथ निरीक्षण किया। कमी मिलने के बाद कलेक्टर ने एक्शन लिया और कार्रवाई के लिए निर्देशित किया. कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि निरीक्षण में पाया गया कि कई पेट्रोल पंप बिना विस्फोटक लाइसेंस अथवा लाइसेंस के नवीनीकरण के ही पेट्रोल और डीजल का भंडारण व विक्रय कर रहे थे। यह न केवल विस्फोटक अधिनियम और संबंधित नियमों का उल्लंघन है, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय भी है। इसी के मद्देनजर संबंधित पेट्रोल पंप संचालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई शुरू की गई है। उन्होनें कहा इंडियन ऑयल कंपनी के रीजनल अधिकारियों को भी नोटिस जारी किया गया है, क्योंकि बिना वैध लाइसेंस वाले पेट्रोल पंपों को ईंधन उपलब्ध कराया जाना गंभीर लापरवाही है। उन्होंने कहा कंपनी की ओर से जानकारी दी गई है कि प्रदेशभर में ऐसे मामलों की समीक्षा की जा रही है तथा दमोह जिले के सभी 33 पेट्रोल पंपों के लिए विस्फोटक लाइसेंस हेतु आवेदन तत्काल करा दिए गए हैं। कलेक्टर श्री यादव ने कहा जिस अवधि में संबंधित पेट्रोल पंपों के पास वैध लाइसेंस नहीं था, उस दौरान पेट्रोलियम पदार्थों का भंडारण और विक्रय किया जाना दंडनीय अपराध है। इसलिए संबंधित संचालकों और कंपनी की भूमिका की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी पेट्रोल पंप संचालकों से शासन के नियमों का पूर्ण पालन करने की अपील करते हुए कहा वैध लाइसेंस प्राप्त होने के बाद ही संचालन करें।



## सर्वांगीण विकास ही भाजपा का मुख्य लक्ष्य

**गुना।** भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारी मासिक बैठक गुना में जिला प्रभारी राजेंद्र सिंह राजपूत की मौजूदगी में रखी गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं के साथ-साथ आगामी कार्यक्रम और आयोजनों पर भी चर्चा हुई।

बैठक में जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और प्रभारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के नागरिकों का सर्वांगीण विकास करना ही भाजपा का मुख्य लक्ष्य और ध्येय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 'विकसित भारत 2047' का संकल्प 140 करोड़ देशवासियों की सहभागिता से ही साकार होगा।

# ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए पौधारोपण आवश्यक

## गुरुद्वारा में पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित

**बैतूल।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल समाज के वंचित, पिछड़े क्षेत्रों के उत्थान के लिए देश भर में बड़े पैमाने पर सामाजिक और जन-कल्याणकारी कार्य सेवा प्रकल्प चलाती है। जिसमें शिक्षा क्षेत्र, स्वास्थ्य सेवा, आत्मनिर्भरता और कौशल विकास, सामाजिक समरसता और संस्कार आदि हैं। विगत दिनों से विहिप बजरंग द्वारा जिले में निरंतर सेवा कार्य किए गए। जिसके तहत गुरुद्वारा में पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अनेक प्रजाति के फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा बैतूल प्रधान बंटी अहलुवालिया ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और अनियमित जलवायु को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण आवश्यक है। इस अवसर पर प्रांत गौ रक्षा प्रमुख कृष्णकांत गावंडे, जिला संयोजक शुभम यादव, जिला सुरक्षा प्रमुख सतनाम सिंह बावरा, किशोर छोटे प्रखंड उपाध्यक्ष, अमित पवार प्रखंड सहसंयोजक सहित संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।



## विश्व जनसंख्या दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

**विदिशा.** शहर वाचनालय में पाठक संघ के तत्वावधान में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया. कार्यक्रम का संचालन संयोजक दीपक तिवारी ने किया. वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है. उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र ने 1989 से परिवार नियोजन और जनसंख्या नियंत्रण के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से विश्व जनसंख्या दिवस मनाना शुरू किया. इस वर्ष की थीम युवाओं को एक निष्पक्ष और आशापूर्ण विश्व में अपने मनचाहे परिवार बनाने के लिए सशक्त बनाना है. कार्यक्रम के अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार ने आभार व्यक्त किया.

### छपते-छपते

# सीजेआई के सामने महिला ने उतारा मंगलसूत्र

## गिड़गिड़ाते हुए कहा- माईलॉड! हमारा पूरा परिवार...

**नई दिल्ली. देश के सर्वोच्च अदालत में मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच के सामने सोमवार (13 जुलाई, 2026) को एक ऐसा मामला सामने आया, जिसने सभी को पूरी तरह से हैरान कर दिया.**

दरअसल, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया के सामने एक महिला याचिकाकर्ता, जो अपने केस की पैरवी खुद करने पहुंची थी, वो अपने केस की सुनवाई करवाने के लिए गिड़गिड़ाने लगी, लेकिन सभी तब हैरान हो गए जब महिला ने अपने गले से मंगलसूत्र निकाला और सीजेआई से सुनवाई के लिए गुहार लगाने लगी.

याचिकाकर्ता महिला ने सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच से गुहार लगाते हुए कहा, 'माईलॉर्ड, मैं हैदराबाद से आई हूं. एक शब्द हमारा भी सुन लीजिए, माईलॉर्ड. 15 साल से...' इस बीच सीजेआई ने टोकते हए कहा, 'मैडम, आपका मामला अगले सोमवार को सुना जाएगा.' लेकिन महिला ने फिर से गुहार लगाते हुए कहा, 'नहीं, प्लीज सर. मैं बस एक शब्द कहूंगी. 15 साल से हम जिंदगी नहीं जी रहे हैं. हमारी जिंदगी बर्बाद हो गई है. हमारा पूरा परिवार बर्बाद हो गया है. हम सब मिलकर यह अनुरोध कर रहे हैं, माईलॉर्ड.' इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने कहा, 'अगले सोमवार को आपका केस सुना जाएगा. यह मामला एक विशेष बेंच को सुनना है. आप ऐसा कीजिए, आप मत आइएगा. आप ऑनलाइन पेश हो जाइए. आपको खुद आने की जरूरत नहीं है.' तभी महिला ने कहा, 'नहीं सर, हम आएंगे सर. हमारे दिल की जो बात है न सर, आपके दिल को टच होना चाहिए. क्योंकि हम कितनी तकलीफ में है. पूरा परिवार बर्बाद हो गया है, सर. हम बच्चों को खाना तक नहीं दे पा रहे हैं. शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं, सर.'

# पूर्व विधायक डॉ. सुनीलम को लगा हाईकोर्ट से झटका

**जबलपुर 13 जुलाई.** पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता डॉ सुनीलम को हाईकोर्ट हाईकोर्ट से झटका लगा है। अधिवक्ता द्वारा अंतिम बहस के लिए तैयार नही होने के कारण हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस ए के सिंह की युगलपीठ ने उनकी तरफ से वीजा जारी किये जाने की अनुमति के लिए दायर आवेदन को खारिज कर दिया।

### वीजा की अनुमति के लिए दायर आवेदन खारिज

युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि सुनवाई के दौरान पाया कि आपराधिक अपील 14 साल से लंबित है और उनके अधिवक्ता अंतिम बहस के लिए तैयार नही है। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद आवेदन को खारिज कर दिया। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि अपील 14 साल से लंबित है। अपील करने वाले वकील खुद ही मुकदमे में अंतिम सुनवाई के लिए तैयार नही है। अधिवक्ता खुद अपील को लंबा खींचने के लिए जिम्मेदार हैं। आम तौर पर जनता में यह धारणा बनती है कि कोर्ट ठीक से काम नहीं कर रहे हैं।



गौरतलब है कि न्यायालय ने पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता डॉ सुनीलम सहित तीन व्यक्तियों को साल 2012 में मुलताई गोलीकांड मामले में हत्या, हत्या के प्रयास तथा सार्वजनिक संपत्ति को क्षति पहुंचाने के मामले में अधिकतम आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया था। सत्र न्यायालय मुलताई द्वारा सजा से दंडित किये जाने के खिलाफ उनकी तरफ से साल 2012 में हाईकोर्ट में अपील दायर की गयी थी। डॉ सुनीलम को प्रकरण में सशर्त जमानत का लाभ मिल गया था।

## इंदौर को मिले नए प्रशासनिक अधिकारी

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य की जिला न्यायिक संस्थाओं में पदस्थ प्रशासनिक अधिकारियों, उप प्रशासनिक अधिकारियों और वरिष्ठ निजी सहायकों के तबादला आदेश जारी कर दिए. जारी सूची के अनुसार नर्मदापुरम में पदस्थ प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार गोयल का तबादला इंदौर किया है. वहीं सागर, विदिशा, शहडोल, भिंड सहित अन्य जिलों के अधिकारियों के भी तबादले किए हैं. हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की ओर से जारी आदेश के मुताबिक प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उप प्रशासनिक अधिकारियों एवं वरिष्ठ निजी सहायकों के भी स्थानांतरण किए हैं. इसके अलावा कुछ अधिकारियों के स्वैच्छिक स्थानांतरण आवेदन स्वीकार किए, जबकि कुछ आवेदन निरस्त कर दिए हैं. सभी अधिकारियों को नवीन पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं.

### हाईकोर्ट ने जारी किए न्यायिक अधिकारियों के तबादले

## भंडार खुलते ही निकले 10 करोड़ से ज्यादा

**उदयपुर.** मेवाड़ के कृष्ण धाम श्री सांवलिया सेठ मंदिर में मासिक भंडार की गणना सोमवार को राजभोग आरती के बाद शुरू की गई. भंडार खुलते ही पहले दिन की गणना में 10 करोड़ 11 लाख 83 हजार रुपये की नकद राशि सामने आई. हर बार की तरह इस बार भी सांवलिया सेठ के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था देखने को मिली. बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा चढ़ाए गए दान की गणना का कार्य तय प्रक्रिया के तहत शुरू किया गया.

## बंगाल नाव हादसे में 9 मछुआरों की मौत

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में सुंदरबन के पास बंगाल की खाड़ी से बड़ी घटना सामने आई है. अधिकारियों ने सोमवार (13 जुलाई) को बताया कि इस महीने की शुरुआत में एक मछली पकड़ने वाली लापता हुई नाव में नौ मछुआरे मृत पाए गए हैं, जबकि छह मछुआरे लापता हो गए हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस घटना पर दुख जताया है और मृतक के परिवारों और घायलों को आर्थिक मदद की घोषणा की है.

## Agentic AI स्मार्टफोन आया!

**नई दिल्ली.** चीन की AI कंपनी StepFun (StepX) ने दावा किया है कि उसने दुनिया का पहला एजेंटिक स्मार्टफोन पेश किया है. कंपनी का कहना है कि यह सिर्फ AI फीचर वाला फोन नहीं, बल्कि ऐसा फोन है जिसमें AI एक डिजिटल असिस्टेंट की तरह खुद फैसले लेकर कई काम कर सकता है. इस नए फोन का नाम StepX Neo है. कंपनी ने इसे अपने नए AI ब्रांड StepX के साथ लॉन्च किया है. फोन में Step AOS नाम का नया ऑपरेटिंग सिस्टम दिया गया है.

# इंदौर के पांच उप निरीक्षक बने निरीक्षक

**इंदौर 13 जुलाई.** पुलिस मुख्यालय ने प्रदेशभर के 58 उप निरीक्षकों को पदोन्नत कर निरीक्षक बनाया है. जारी पदोन्नति सूची में इंदौर में पदस्थ पांच उप निरीक्षकों को भी निरीक्षक पद पर पदोन्नति मिली है. लंबे समय से पदोन्नति का इंतजार कर रहे अधिकारियों के लिए यह आदेश राहत लेकर आया है.

जारी आदेश के अनुसार इंदौर में पदस्थ उप निरीक्षक ममता धार्वे, जय मौर्य, नेहा गुप्ता, दीपिका मरमट और योगेश कुमार शर्मा को निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया है. वहीं देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय विमानतल स्थित इमीग्रेशन चेक पोस्ट पर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ उप निरीक्षक विकास मालवीय को भी प्रोफार्मा पदोन्नति प्रदान की गई है. पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी सूची में अनुसूचित जनजाति, जाति और अनारक्षित वर्ग के अधिकारियों को पदोन्नति दी गई है. पदोन्नत अधिकारियों को नियमानुसार नवीन पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं.

# दो लोगों से 3 .36 लाख उड़ाए

नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 13 जुलाई.** जिले में साइबर ठग नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं. शहर और पिपरिया में हुई दो अलग-अलग घटनाओं में साइबर अपराधियों ने एपीके फाइल और क्यूआर कोड के माध्यम से 3 लाख 36 हजार 655 रुपये की ठगी कर ली.

पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.पुलिस के अनुसार शहर के शास्त्री वार्ड निवासी एक महिला से साइबर ठगों ने क्यूआर कोड स्कैन करवाकर 45 हजार रुपये उसके खाते से ट्रांसफर करा लिए. वहीं पिपरिया थाना क्षेत्र के आजाद वार्ड निवासी नारायण ठाकुर के मोबाइल पर एपीके फाइल भेजकर बैंक खाते से छलपूर्वक 2 लाख 91 हजार 655 रुपये निकाल लिए गए. बताया जा रहा है कि दोनों घटनाएं 5 जुलाई को हुई थीं. शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजी गई एपीके फाइल डाउनलोड न करें और न ही बिना पुष्टि के किसी क्यूआर कोड को स्कैन करें. किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं.

### साइबर ठगों ने की डिजिटल ठगी

साइबर ठगी की घटनाएं लगातार बढ़ रहीं, जागरूकता ही बचाव का सबसे बड़ा उपाय जिले में साइबर ठगी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है. ऑनलाइन बैंकिंग, यूपीआई भुगतान, फर्जी कॉल, लिंक और सोशल मीडिया के माध्यम से ठग आम लोगों को निशाना बना रहे हैं.

# वियतनाम से लौटे 15 भारतीयों के शव

**मुंबई. वियतनाम के फू क्वोक द्वीप के पास हुए दुखद नौका हादसे में जान गंवाने वाले मृत भारतीय नागरिकों के पार्थिव शरीर को लेकर एक विशेष विमान सोमवार को मुंबई पहुंचा.**

### मुंबई एयरपोर्ट पर लैंड हुआ प्लेन

### फू क्वोक द्वीप के पास डूबी थी नाव

हनोई में भारतीय दूतावास ने बताया कि वियतनाम के फु क्वोक द्वीप के पास 11 जुलाई को हुई नाव दुर्घटना में जान गंवाने वाले 15 भारतीयों के शव लेकर विमान मुंबई पहुंच गया है. दूतावास ने 'X' पर एक पोस्ट में कहा, 'फु क्वोक में 11 जुलाई को हुई नाव दुर्घटना में जान गंवाने वाले भारतीय नागरिकों के शव लेकर आ रहा विमान अभी मुंबई पहुंचा है.' इसमें यह भी कहा गया कि हनोई में भारतीय दूतावास और हो ची मिन्ह सिटी में भारत का महावाणिज्य दूतावास संबंधित राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम करते रहेंगे ताकि मृतकों के शव जल्द से जल्द उनके शोक-संतप्त परिवारों तक पहुंचाए जा सकें.



## ऑटो चालक के प्यार में पत्नी बनी कातिल

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई में रिश्तों को झकझोर देने वाला एक सनसनीखेज हत्याकांड सामने आया है। पुलिस के अनुसार, ऐरोली के यादव नगर निवासी बलिराम सूर्यनाथ कुशवाह की हत्या उनकी पत्नी सुनीता और उसके कथित प्रेमी राहुल दशरथ प्रजापति ने मिलकर की। आरोप है कि 9 अगस्त 2025 की रात बलिराम की गला घोंटकर हत्या की गई और इसके बाद धारदार हथियार से शव के तीन टुकड़े कर दिए गए। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने शव के हिस्सों को अलग-अलग बोरियों और चादर में लपेटकर ऑटो रिक्शा से गवली देव क्षेत्र की झाड़ियों में फेंक दिया, ताकि पहचान और सबूत मिटाए जा सकें। जांच के अनुसार, घटना को अंजाम देने से पहले दंपती के दोनों बच्चों को दो दिनों के लिए उनकी मौसी के घर भेज दिया गया था। हत्या के बाद सुनीता ने ऐरोली स्थित मकान किराए पर दे दिया और बच्चों के साथ कथित प्रेमी राहुल के घर घणसोली में रहने लगी। जब कई महीनों तक बलिराम का कोई पता नहीं चला तो उनके भाई ने गांव से आकर जानकारी ली।

### पति के किए तीन टुकड़े

## गुरुग्राम में धमकी भरे ईमेल से हड़कंप

**गुरुग्राम.** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के गुरुग्राम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित रैली से पहले सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। अधिकारियों के अनुसार, एक धमकी भरे ईमेल में प्रधानमंत्री की रैली के अलावा गुरुग्राम के तीन स्कूल-एमिटी स्कूल, सालवान पब्लिक स्कूल और एयरफोर्स स्कूल-तथा जिला सचिवालय (मिनी सेक्रेटेरिएट) को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन ने संबंधित परिसरों की सुरक्षा बढ़ा दी तथा तत्काल जांच शुरू कर दी ।पुलिस के मुताबिक, धमकी मिलने के बाद बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड की मदद से संबंधित स्थानों पर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। प्रारंभिक जांच में कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था को एहतियात के तौर पर और कड़ा कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पूरे मामले की जांच साइबर सेल की सहायता से की जा रही है। जांच के दौरान सामने आया कि धमकी भरा ईमेल कथित तौर पर बांग्लादेश के एक आईपी एड्रेस से भेजा गया है।

### पीएम मोदी की रैली भी निशाने पर

### समस्या | पीएचई की लापवारवाही, दूषित पानी पीने को ग्रामीण मजबूर

# पीने योग्य पानी के जल स्त्रोतो में नहीं डलवाई दवा, बीमारियों का खतरा

नवभारत न्यूज

**मोहनगढ़। क्षेत्र में बरसात का मौसम शुरू होने के बावजूद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की लापरवाही सामने आ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल स्त्रोतों की समय पर सफाई और कीटाणुनाशक दवा का छिड़काव नहीं होने से ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। मोहनगढ़ के बिंदारी खास, राजनगर, बरेठी, मोहनगढ़, कुंवरपुरा, एकबालपुरा आदि गावों में अभी तक जल स्त्रोतों में कीटनाशक दवा नहीं डलवाई गई जिससे ग्रामीण क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ हैं इससे जलजनित एवं संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका लगातार बढ़ती जा रही है।**



ग्रामीणों का कहना है कि गांवों में लगे हैंडपंप, कुएं, टंकियां तथा अन्य पेयजल स्त्रोतों में अब तक विभाग द्वारा ब्लीचिंग पाउडर अथवा अन्य कीटाणुनाशक दवाओं का उपयोग नहीं किया गया है। बरसात के कारण गंदगी और दूषित पानी पेयजल स्त्रोतों तक पहुंच रहा है, जिससे पानी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पेयजल स्त्रोतों का शुद्धिकरण नहीं कराया गया तो डायरिया, टाइफाइड, हैजा और अन्य जलजनित रोग फैल सकते हैं, जिससे आमजन विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार बरसात के मौसम में पेयजल स्त्रोतों की नियमित सफाई, क्लोरीनीकरण और कीटाणु नाशक दवा का उपयोग अत्यंत आवश्यक होता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और पीएचई विभाग से मांग की है कि क्षेत्र के सभी पेयजल स्त्रोतों का तत्काल निरीक्षण कराया जाए, आवश्यक मात्रा में कीटाणुनाशक दवा डलवाई जाए तथा नियमित रूप से पानी की गुणवत्ता की जांच कर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

पूरे मामले में कार्यपालन यंत्री जतारा से बात की गई तो उनका कहना है की जल स्रोतों में कीटनाशक दवाई डाले जाने का अभियान जारी है यदि मोहनगढ़ क्षेत्र में कुछ गांव कीटनाशक दवाई डाले जाने कों शेष रह गए तो में पता करती हूँ।